




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 35 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 17 नवम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया


## साल के आखिर तक चलेगा पुलिस पेट्रोल पंप पर केशलेस पेमेंट

**मंदसौर, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस के पेट्रोल पंपों और सभी अशासकीय गतिविधियों में अब नकद लेने देन नहीं होगा। इस संबंध में 15 दिन पहले आदेश दिए गए थे, जिसमें 15 नवंबर से नकद लेने पर रोक लगाने को कहा गया था। 15 नवंबर से ऑनलाइन पेमेंट शुरू कर दिया गया है। पेट्रोल पंप के कर्मचारियों की ओर से नकद लेनदेन बंद करने की जानकारी उपभोक्ताओं को दी जा रही है। 31 दिसंबर के बाद पूरी तरह से कैशलेस लेन देन ही होगा और नकद में पेट्रोल-डीजल नहीं मिलेगा।



पुलिस को सभी अशासकीय गतिविधियों में एक जनवरी 2025 से पूर्ण रूप से केश ट्रांजेक्शन बंद कर दिया जाएगा। मध्य प्रदेश पुलिस की कई इकाइयों के पेट्रोल पम्पों पर गंभीर गबन की शिकायतें सामने आने के बाद ऑडिट में ये बात सामने आई थी कि जो नकद लेन-देन किया जाता है, उसका लेखा-जोखा नहीं रखा जाता और इसके जरिए ही गबन किया जाता है। इसके कारण 30 अक्टूबर को एडीजी कल्याण अनिल कुमार ने पुलिस कल्याण पेट्रोल पम्प, पुलिस गैस रिफिलिंग केंद्र, एलपीजी गैस, सुपर बाजार, पुलिस परिसरों को साफ सफाई व्यवस्था के साथ ही अन्य अशासकीय गतिविधियां जिनका टर्न ऑवर 6 लाख से अधिक है। उन पर नकद लेन-देन पर 15 नवंबर से रोक लगाने का आदेश दिया था।

### देना होगी रसीद, मोबाइल नंबर लिखना होगा...

शुक्रवार से शुरू हुई इस व्यवस्था में यदि किसी ग्राहक को कैश में पेट्रोल या गैस सिलेंडर दिया तो ग्राहक का नाम व मोबाइल नंबर, रसीद पर लिखना होगा। इसके साथ ही हर दिन इकाई प्रभारी या नोडल अधिकारी नकद बिक्री की समीक्षा करेंगे और इसका लेखा जोखा अपने पास रखेंगे। इसके साथ ही इकाई प्रमुख हर 15 दिन में नकद और डिजिटल लेनदेन का ब्यौरा कल्याण शाखा को देंगे।

# फिर गेहूं पर आया प्रदेश के किसानों का दिल

**मालवा में रकबा बढ़ा, बंपर पैदावार की उम्मीद**



**मंदसौर/उज्जैन, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** इस वर्ष मालवा की माटी में गेहूं की बंपर पैदावार होने की संभावना है। करीब 4.5 लाख हेक्टेयर में बोवनी की जा रही है। चने की बोवनी का रकबा कम बताया जा रहा है। किसान तेजस, पोषक, 322 किस्म के गेहूं का बीज ज्यादा पसंद कर रहे हैं। बीते तीन वर्षों से किसानों को सोयाबीन भाव ठीक नहीं मिल रहे हैं, जबकि गेहूं के भाव काफी अच्छे मिल रहे हैं। यही कारण है कि किसानों का रुझान चने की बनिस्बत गेहूं की बोवनी पर अधिक है।

### अब तक हो चुकी 50 फीसदी बोवनी...

कृषि विभाग के अनुसार, इस वर्ष 4.50 लाख हेक्टेयर में गेहूं की बोवनी की जा रही है। अब तक 50 फीसदी बोवनी हो चुकी है। किसान अधिक उत्पादन के किस्म का गेहूं अधिक बो रहे हैं।

व्यापारी आशुतोष पोरवाल के अनुसार, किसानों ने पोषक, तेजस, 322 किस्म का बिजवारा अधिक खरीदा। इस किस्म के गेहूं का उत्पादन काफी अच्छा बताया जा रहा है।

बीज कंपनी से लेकर व्यापारिक क्षेत्र में यह गेहूं 3300 से 4500 रुपया क्विंटल तक बिक गया। इसके बाद किसानों ने पर्याप्त पानी के चलते लोकवन, पूर्णा, 513 जैसी किस्म को बोया है। इनके भाव भी उंचे में 4000 रुपया क्विंटल तक रहे।

### शरबती की बोवनी नगण्य...

किसी समय में मालवा की माटी के शरबती की मिठास देश के महानगरों में काफी पसंद की जाती थी। मुंबई में इस गेहूं की कीमत 5 से 8 हजार रुपये क्विंटल तक होती थी। लेकिन, जिले के सभी क्षेत्र में पानी पर्याप्त मात्रा में होने से किसानों ने शरबती गेहूं की बोवनी से किनारा कर लिया। बता दें इस किस्म का गेहूं काफी कम पानी की पैदावार है। उत्पादन भी अन्य गेहूं की बनिस्बत कम है। अब अधिक उत्पादन पर किसान ध्यान देता है।

### देशावर में खूब बिक रहा गेहूं का बिजवारा...

इस वर्ष देशावर में गेहूं के बीज की आपूर्ति मालवा क्षेत्र से हो रही है। 322, लोकवन, पूर्णा, पोषक गेहूं के बीजवारे की मांग महाराष्ट्र, पंजाब, बिहार में काफी चल रही है। इस कारण गेहूं के भाव भी उंचे हैं।

# मार्बल से भरा ट्रक पलटा

## केबिन में दबने से चालक की मौत, दो गंभीर

**छह घंटे की मशक्कत के बाद निकाला जा सका बाहर**



**मंदसौर, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** महू-नीमच राजमार्ग स्थित गुराड़िया बालाजी के समीप मार्बल से भरा एक ट्रक पलटी खा गया। इस दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रक के चालक की मौत हो गई। दरअसल ट्रक पलटने से केबिन पर मार्बल आ गिरा। जिससे चालक सहित दो अन्य अंदर फंस गए। छह घंटे की मशक्कत के बाद तीनों को बाहर निकाला गया। तब तक चालक की मौत हो चुकी थी। वहीं दो अन्य को गंभीर अवस्था में बड़े अस्पताल ले जाया गया।

रात में मार्बल से भरा ट्रक रतलाम से नीमच की और जा रहा था। बताया जाता है कि ट्रक उत्तर भारत जा रहा था। गुराडिया बालाजी के यहां संभवत: ट्रक का टॉयर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक में भरा मार्बल केबिन में चला गया था, जिसमें दबने के कारण ड्राइवर अभय सिंह पिता खुमान सिंह राजपूत उम्र 21 साल निवासी कांडरवासा थाना नामली जिला रतलाम की मौत हो गई। वहीं, ट्रक में दो अन्य व्यक्ति दीपक पिता दशरथ बैरागी उम्र 23 साल निवासी बिलांत्रि और राज पिता जुझार लाल उम्र 19 साल निवासी कांडरवासा केबिन के बीच मार्बल के नीचे दब गए। रात करीब 3 बजे केबिन में मार्बल के बीच फंसे दोनों व्यक्तियों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। सुबह करीब 9.30 बजे दोनों घायल व्यक्तियों को बाहर निकाला गया। जिन्हें बड़े अस्पताल भर्ती करवाया गया है।

### लंबा चला रेस्क्यू ऑपरेशन...

पुलिस के मुताबिक हादसे की सूचना के बाद रात 3 बजे केबिन में फंसे ड्राइवर को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। बाकी दोनों घायल ट्रक के केबिन और मार्बल पत्थरों के बीच बुरी तरह फंसे हुए थे। मौके पर पहुंची वाईडी नगर पुलिस टीम और स्थानीय लोगों ने उन्हें बाहर निकालने की कोशिश की। इसके बाद जेसीबी मशीन और क्रेन बुलवाई गई। इससे भी बात नहीं बनी समाजसेवी नाहरू भाई गेस कटर लेकर पहुंचे। रात 3 बजे शुरू हुआ ऑपरेशन सुबह 9:30 बजे खत्म हुआ। दोनों घायल व्यक्तियों को बाहर निकाला गया। बड़े अस्पताल में उनका उपचार किया जा रहा है।

### प्रत्यक्षदर्शी बोले रगड़ाते हुए आया ट्रक...

प्रत्यक्षदर्शी अनवर हुसैन ने बताया कि हम दुकान के बाहर सो रहे थे। रात के 2:25 मिनट पर अचानक से एक तेज आवाज आई, देखा तो ट्रक रगड़ाते हुए जा रही थी। हम भागकर गए तो अंदर तीन लोग मार्बल के बीच फंसे थे, इसमें एक कि मौत हो गई थी। दो व्यक्ति कराह रहे थे। हमने पुलिस को सूचना की। देर हुई तो हम अपने वाहन से पुलिस को लेने गए। वापस आए तब तक मुल्तान पूरा चौकी से पुलिस पहुंच गई थी। सुबह तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में दो लोगों को बचा लिया गया।

### मौके पर डटी रही डॉक्टर्स की टीम...

पत्थरों के बीच फंसे दोनों व्यक्तियों को जिंदा रखने के लिए डॉक्टरों की टीम ने मेडिकल उपचार शुरू किया। दोनों को ऑक्सीजन और दवाएं देकर उपचार किया गया। जबतक दोनों घायलों को रेस्क्यू नहीं कर लिया, तब तक डॉक्टरों की टीम मौके पर डटी रही।

## युवक ने फांसी लगाई, मौत

**मंदसौर, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** दलौदा रेल में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

मिली जानकारी के अनुार लक्ष्मीनारायण पाटीदार ने पेड़ पर लटकर जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह जानकारी मिलने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। शव को पीएम के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस मामले में जांच कर रही है।





# एक सौ करोड़ की जमीन से हटाया अतिक्रमण

## पांच घंटे चली कार्रवाई में छह मकान जमींदोज, दस बीघा खेती हटाई

**नीमच, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर के कैंट थाना क्षेत्र के बगीचा नंबर 12 इलाके में शनिवार सुबह प्रशासन, नगर पालिका के साथ पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए नगर पालिका के मालिकाना हक की 12 बीघा जमीन पर किए अवैध अतिक्रमण को हटा दिया। कार्यवाही के लिए सुबह 5 बजे टीम मौके पर पहुंच गयी थी। ठीक 6 बजे टीम ने कार्रवाई शुरू कर दी थी। इससे पहले अतिक्रामको को सामान खाली करने की हिदायत दी। इस जगह पर इनडोर आउटडोर स्टेडियम बनना प्रस्तावित है। यहां अतिक्रमण कर पक्के मकान बना लिए गए थे। 10 बीघा जमीन पर अवैध रूप से खेती भी की जा रही थी। इस संबंध में अतिक्रमण कर्ताओं को नोटिस भी कई बार दिए गए थे। इसके बावजूद उन्होंने अतिक्रमण नहीं हटाया। एक बार अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर पालिका की टीम पर हमला भी किया था।

शनिवार को प्रशासन के सामने विरोध भी हुआ। लेकिन, उसका कार्रवाई पर कोई असर नहीं हुआ। करब 5 घंटे बुलडोजरों से हुई कार्रवाई में छह पक्के मकान सहित कुछ अस्थाई अतिक्रमण को जमींदोज किया गया। कृषि भूमि को भी अतिक्रमण से मुक्त करवाया। इस दौरान लोग अपने सामानों को घरों से बाहर निकाल कर सुरक्षित जगहों पर जाते हुए दिखाई दिए। कई लोगों ने अपना सामान खुले में ही रख दिया। कार्रवाई के दौरान एसडीम ममता खेड़े, सीएसपी अभिषेक रंजन के साथ तीन तहसीलदार, 6 थाना प्रभारी, ट्रैफिक सूबेदार, राजस्व विभाग, नगर पालिका के 100 अधिकारी कर्मचारी, 100 से अधिक पुलिसकर्मी और 50 राजस्व और दूसरे विभाग के कर्मचारी और अधिकारी मौजूद रहे। कार्रवाई के दौरान 1 पोकलेन मशीन, 4 जेसीबी मशीन, करीब एक दर्जन ट्रैक्टर-डंपर, दो एंबुलेंस सहित करीब डेढ़ दर्जन दूसरे वाहन घटना स्थल पर थे। कार्रवाई में नगर पालिका की जमीन पर बगीचा नंबर 12 क्षेत्र में 12 बीघा जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। 6 पक्के मकान तोड़े गए करीब 9-10 बीघा कृषि भूमि पर किया अतिक्रमण को हटाया है। जमीन की कीमत करीब 100 करोड़ रूपए बताई गई है।

# पानी के होद में डूबने से महिला की मौत

**नीमच, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** बघाना थाना क्षेत्र के धनेरिया कलां गांव में उस समय सनसनी मच गई, जब एक महिला का शव पानी के होद में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकला और पोस्टमॉर्टम के लिए बड़े अस्पताल भेजा। महिला का नाम चंद्रकला मीणा उम्र 30 वर्ष बताया गया है। वह राजस्थान के खेड़ा केसुंदा गांव की रहने वाली थी।

पुलिस के मुताबिक मिर्गी की बीमारी के चलते पति ने उसे 7 साल पहले छोड़ दिया था। इस कारण वह बेटियों के साथ मायके में रह रही थी। आशंका है कि मिर्गी का दौरा पड़ने से वह होद में गिर गई और डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण उसे लेकर नीमच के बड़े अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी विजय सागवारिया ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### बुजुर्ग का शव कुएं में मिला

जीरन थाना क्षेत्र के दलपतपुरा गांव में बुजुर्ग व्यक्ति का शव कुएं में मिला। पुलिस ने लोगों की मदद से लाश बाहर निकाली। 80 वर्षीय बुजुर्ग उदयराम पिता नंदलाल भील अपने घर ओर बाड़े के पास बने कुएं पर सुबह करीब 10 बजे बकरी चराने गया था। जब गांव का एक व्यक्ति दोपहर को उस ओर से गुजरा तो उसकी नजर कुएं में पड़ी। जहां उसने बुजुर्ग का शव देखा। बुजुर्ग अपनी पत्नी के साथ रहता था। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## रास्ते के विवाद में पीटा, 2 पर मामला दर्ज

**पिपलियामंडी, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** खेत के रास्ते को लेकर मारपीट के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों पर केस दर्ज किया। बंड पिपलिया निवासी मोडीराम पिता देवीलाल गायरी ने नारायणगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि पंकज पिता अमृतराम बलाई व अनिल पिता नानूराम बलाई दोनों ने मेरी खेत के निजी रास्ते से ट्रेक्टर निकाला। मैंने मना किया तो दोनों ने गाली-गलौज कर मारपीट की व पत्थर से सिर पर मारी, जिससे खून निकलने लगा। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।





# नाकोड़ा काम्प्लेक्स में दुकानों के ताले चटकाए, पांच पुराने मोबाईल चोरी

**मंदसौर, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस। शहर के नाकोड़ा काम्प्लेक्स में शुक्रवार रात को एक बदमाश ने 2 दुकानों के ताले तोड़कर 5 मोबाइल चुरा लिए। दुकानों के बाहर लगे सीसीटीवी में वारदात कैद हुई है। इसमें एक युवक दुकानों के ताले तोड़ कर चोरी करता नजर आ रहा है। अब पुलिस फुटेज के आधार पर बदमाश की तलाश कर रही है।**

जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात को नाकोड़ा कॉम्प्लेक्स स्थित सांवलिया मोबाइल शॉप और परफैक्ट मोबाइल शॉप में एक बदमाश ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। दुकान संचालक अंकित कुमावत ने बताया कि जब वह शनिवार सुबह दुकान पर आया तो घटना का पता चला।

उसके पास वाली दुकान के ताले टूटे हुए थे। लेकिन, बदमाश उसकी दुकान का शटर नहीं खोल पाया, पडोसी के यहां कुछ मोबाइल चोरी हुए है। वहीं सांवरिया मोबाइल शॉप के संचालक सोनू पोरवाल ने बताया कि सुबह पड़ोसी ने चोरी की सूचना दी थी। उसकी दुकान से 30 से 40 हजार रुपए कीमत के 5 मोबाइल चोरी हुए है। मामले में शहर कोतवाली पुलिस ने चोरी की एफआरआई दर्ज की है। वहीं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाश की तलाश की जा रही है।

## बिजली चोरी का केस बनाया तो लाइनमेन व हेल्पर को पीटा, 4 पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** बिजली चोरी का केस बनाने पर लाइनमेन व हेल्पर के साथ मारपीट करने वाले चार आरोपियों पर केस दर्ज किया। झारड़ा विद्युत वितरण केन्द्र पर पदस्थ लाइनमेन, मल्हारगढ निवासी महेश ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई 14 नवम्बर को कनिष्टयंत्री गोतम राय के साथ मै व पप्पुलाल धनगर प्रायवेट वाहन के फिल्ड में अवैध विद्युत कनेक्शन लेकर पानी कि मोटर चलाने वालो कि चेकिंग व कार्यवाही करने हेतु ग्राम बोरखेडी इंदौर तरफ गये थे। ग्राम बोरखेडी इंदौर में चेकिंग के दोरान भीमसिंह ... शेष पेज 4 पर

# जीवित बेटी का किया क्रियाकर्म

## प्रेम विवाह से नाराज थे परिजन, युवती का सामान भी जलाया; मृत्युभोज में शामिल हुए ग्रामीण

**मंदसौर, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले के दलावदा गांव में एक परिवार ने अपनी जिंदा बेटी का क्रियाकर्म कर दिया। इसके लिए परिवार ने एक शोक पत्रिका छपवाई और मृत्युभोज का भी आयोजन किया। जिसमें समाज के लोग पहुंचे।

सीतामऊतहसील के दलावदा गांव की रहने वाली युवती ने 12 नवंबर को घर से भागकर प्रेम विवाह कर लिया। परिजनों ने सीतामऊथाने में युवती की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई। जिसके अगले दिन पुलिस युवती और उसके प्रेमी को खोजकर थाने ले आई। यहां युवती ने अपने बयान में कहा- मैं बालिग हूं। प्रेमी के साथ रहने का मेरा खुद का फैसला है।

### दो महीने बाद होनी थी शादी...

युवती के मौसा ने बताया कि उसे बहुत लाड प्यार से बड़ा किया हैं। दो महीने बाद उसकी शादी होने वाली थी। इससे पहले ही उसने पास के गांव गुराड़िया गौड़ के रहने वाले एक युवक के साथ भागकर शादी कर ली।

### लड़की ने थाने में कहा- मेरा कोई परिवार नहीं है...

थाना पहुंचे उसकी मां, मौसा, भाई, दादी ने उसे समझाकर घर ले जाने की कोशिश की। 80 साल की दादी ने पैर तक पकड़ लिए थे। दादी ने पैर पकड़कर कहा कि बेटी घर चलो हम दो दिन बाद लगन निकलवा कर इसी लड़के से शादी करवा देंगे। समाज और परिवार में मान सम्मान बना रहेगा। किसी को सिर नीचे नहीं करना पड़ेगा, लेकिन उसने किसी की नहीं सुनी। पुलिस के सामने कह दिया कि वो किसी को नहीं जानती है, उसका कोई परिवार नहीं है। इसके बाद युवती के परिवार वालों ने तय किया कि जिन्होंने उसे पालपोस कर बड़ा किया, उन्हें नहीं पहचानती तो फिर उससे रिश्ता क्या रखना। इसके बाद उसके क्रियाकर्म का कार्यक्रम किया।

### परिजनों ने बाटी शोक पत्रिका...

युवती के भाई विनोद ने बताया कि उसकी बहन ने घर से भाग कर एक लड़के के साथ प्रेम विवाह कर लिया। हमने उसे बहुत समझाया वह नहीं मानी। इसके बाद हमने बहन के क्रियाकर्म का कार्यक्रम किया। इसमें समाज के लोग शामिल हुए। सुबह उसका क्रियाकर्म किया और मृत्युभोज किया। भाई ने कहा कि यह सब कर हम यही संदेश देना चाहते है कि लड़कियां परिवार वालों को नीचा न दिखाए।

### बेटी से जुड़ी हर चीज जलाई...

परिजनों ने शोक कार्यक्रम के बाद युवती से जुड़ी सभी यादों को खत्म कर दिया। युवती के कपड़े, फोटो और बाकी सारे सामान में आग लगाकर जला दिया।

### जीएसटी पोर्टल में परेशानी...

# एक ही बिल दो महीनों में दिख रहा, कटऑफ डेट भी नहीं

**मंदसौर, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** जीएसटी पोर्टल पर इस महीने से शुरू हुए इनवॉइस मैनेजमेंट सिस्टम (आईएमएस) को लेकर व्यापारियों एवं जीएसटी करदाताओं को बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रिटर्न फाइल करने की प्रक्रिया करदाताओं के लिए बेहद कठिन और जटिल हो गई है। आईएमएस से जुड़ने के बाद से पोर्टल के जीएसटीआर-2बी फॉर्म में भी दिक्कतें आ रही हैं। यह पोर्टल खुद जनरेट करता है और इसमें करदाता को उपलब्ध इनपुट टैक्स क्रेडिट की जानकारी मिलती है।

वर्तमान में आईएमएस सिस्टम में 11 नवंबर के बाद के बिल भी दिख रहे हैं। जिससे सही तरीके से टैक्स राशि की गणना नहीं हो पा रही है। कायदे से सिस्टम में कटऑफ डेट के बाद में फाइल किए हुए बिल नहीं दिखना चाहिए। इतना ही नहीं जीएसटीआर 2बी में भी कई तरह की समस्याएं आ रही हैं। जैसे सितंबर 2024 के बिल अक्टूबर 2024 की जीएसटीआर 2बी में दिखाई दे रहे हैं। एडवोकेट अश्विन लाखोटिया ने बताया कि जीएसटी भरने की आखिरी तारीख 20 नवंबर है और जीएसटीआर 2बी 14 नवंबर को जनरेट होता है। ऐसे में कुल मिलाकर रिटर्न भरने के लिए 6 दिन का समय मिलता है। आईएमएस में सभी महीने का डेटा होने से उसे अलग करने में लंबा समय लग रहा है। वहीं आईएमएस की एक्सेल शीट डाउनलोड होने में भी 20 मिनट लग रहे हैं।

### टैक्स क्रेडिट का हिसाब भी नहीं मिल रहा...

एक समस्या उन करदाताओं के लिए है जो हर तीन माह में अपना रिटर्न भरते हैं। आईएमएस लागू होने के बाद से जीएसटीआर 2बी महीने के हिसाब से जनरेट नहीं हो रहा है। जबकि क्वार्टरली रिटर्न भरने वालों को जीएसटीआर 2बी फॉर्म क्वार्टरली ही जारी करने का नियम लागू किया है।

# समाजसेवी रामेश्वर काबरा का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन, दी अंतिम विदाई

**मंदसौर, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर नगर के सुप्रसिद्ध समाजसेवी तथा वर्षों से विभिन्न धार्मिक संस्थाओं, समाजसेवी संस्थाओं एवं सार्वजनिक संस्थाओं में समाजसेवी के रूप में अग्रणीय सेठ रामेश्वरलाल काबरा का पार्थिव देह पंचतत्व में विलीन हो गई। कल कार्तिक पूर्णिमा को उन्होनें देह त्याग दी थी। श्री रामेश्वर काबरा की अंतिम यात्रा उनके स्टील नगर स्थित निवास से शनिवार को प्रातः 9.30 बजे फूलों से सुसज्जित वाहन के साथ निकली जिसमें नगर केगणमान्य नागरिक, राजनैतिकदलों के नुमाइंदे, व्यवसायी, समाजसेवी एवं परिवाजनों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।



मुक्तिधाम में काबरा परिवार के सुपुत्रों एवं सुपौत्रों ने उन्हें मुखाग्नि दी। इसके पूर्व पेट्रोल पम्प चौराहे पर धर्मधाम गीता भवन के संरक्षक श्री नरेन्द्र नाहटा, वरिष्ठ ट्रस्टी धीरेन्द्र त्रिवेदी एडवोकेट, उपाध्यक्ष जगदीश चौधरी, सचिव अशोक त्रिपाठी, ट्रस्टीगण बंशीलाल टांक, विनोद चौबे तथा शेषनारायण माली ने गीता भवन ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष श्री रामेश्वर काबरा के पार्थिव शरीर पर पुष्पमाला भेंटकर अंतिम नमन किया। मुक्तिधाम पर उनके पार्थिव देह पर मुखाग्नी काबरा परिवार के सुपुत्र एवं सुपौत्रों ने दी। श्री रामेश्वरजी के ज्येष्ट पुत्र कृष्णकुमार, हरिश कुमार तथा सुनिल उनके भतीजे प्रहलाद काबरा, जगदीश काबरा, दिनेश, ओमप्रकाश विनोद काबरा आदि ने नम आंखों से मुखाग्नी दी। मुक्तिधाम में आयोजित शोकसभा में उपस्थित जनमानस को धर्मधाम गीता भवन के संरक्षक ट्रस्टी श्री नरेन्द्र नाहटा, विजयेन्द्र सेठी, समन्वय परिवार गरोठ के दिवाकर उपााध्याय, लायंस क्लब के मारूति पोरवाल, स्मृति बैंक के संचालक नंदकिशोर अग्रवाल, नरेन्द्र मेहता, बाबूलाल डागा, बलजीतसिंह नारंग, पं. अशोक त्रिपाठी एडवोकेट मंगेश भाचावत, रविन्द्र पाण्डे, डॉ. दिनेश तिवारी, बंशीलाल टांक तथा पं. ब्रजेश जोशी आदि महानुभाव ने उनके लायंस क्लब, माहेश्वरी समाज, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, गीता भवन मंदसौर, संत सेवा, समाजसेवा के क्षेत्र में किये गये उनके कार्यो का स्मरण किया। शोकसभा का संचालन कर रहे पं. ब्रजेश जोशी ने मंदसौर में काबरा परिवार द्वारा धर्मक्षेत्र एवं सामाजिक क्षेत्र में किये गये उल्लेखनीय कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा की तथा मौन रहकर सभी ने उन्हें सामूहिक श्रद्धांजलि अर्पित की।

**धर्मधाम गीता भवन ट्रस्ट परिवार की ओर से श्रद्धांजलि**–गीता भवन ट्रस्ट मंदसौर के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ ट्रस्टी सेठ रामेश्वर काबरा के देहावसान पर अन्र्त. रामस्नेही सम्प्रदाय के पीठाधीश्वर एवं गीता भवन ट्रस्ट के परम संरक्षक ट्रस्ट श्रीमद जगदगुरू स्वामी श्री रामदयालजी महाराज ने पुष्कर से याद किया व कहा कि रामेश्वरजी मेरे वर्षो से आत्मीय रहे एवं गीता भवन के संस्थापक व वर्तमान अध्यक्ष स्वामी श्री रामनिवासजी महाराज की ओर से गीता भवन के सचिव पं. अशोक त्रिपाठी ने पुष्पहार अर्पित किये।

## दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से एक लाख के मादक पदार्थ जप्त , दो आरोपी गिरफ्तार

**रतलाम, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** रतलाम पुलिस को अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में लगातार सफलता मिलती दिख रही है। पिछले 24 घंटे में जिले के दो थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों से का माल जप्त किया है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मानव चौक थाना क्षेत्र अंतर्गत शादाब उर्फ बड़ा पिता लईक कलीगर 39 वर्षी निवासी अशोकनगर रतलाम को गुलाब शाह वली दरगाह के पीछे करमदी रोड रतलाम से 4 ग्राम एचडी ड्रग्स मादक पदार्थ जिसकी कीमत40,000 रूपये एवं एक वेन प्लस कंपनी का एंड्राइड मोबाइल तथा एक हरे रंग का पर्स जिसमें नगदी 650 रुपए पुलिस ने जब्त किये। वही दूसरे मामले में जावरा शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने बंशीराम पिता मानाराम जाति विश्नोई 45 वर्षीय निवासी हेमनगर थाना झवर जिला जोधपुर राजस्थान को बंदीछोड़ दरगाह के पास ताल रोड जावरा से मादक पदार्थ खड़ा डोडा चूरा 30 किलो कीमती 60, 000 रूपये जब्त कर एनडीपीएस एक्ट की तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।



# भारत का लोकतंत्र उसके चौथे स्तंभ के बिना अधूरा है-डा. राम

## पत्रकारिता विभाग ने नेशनल प्रेस डे पर पोस्टर मेकिंग व गतिविधियों का आयोजन किया

**मंदसौर, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** आप एक ऐसे प्रोफेशन में हैं। जिसकी आज के समय में सबसे ज्यादा मांग है। समाज और सरकार को राह व आयना दिखाने का कार्य पत्रकारों का ही है। पत्रकारिता की शक्ति और जिम्मेदारी को समझें और इसका उपयोग समाज के हित में करें। यह बात मंदसौर विश्वविद्यालय के डीन ऑफ़ अकादमिक डॉ. अरुणवा दास ने कही। वे राष्ट्रीय प्रेस दिवस पत्रकारिता के छात्रों को संबोधित कर रहे थे।

विश्वविद्यालय के जनसंचार व पत्रकारिता विभाग में शनिवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया गया। इसमें विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, और फ़िल्म प्रदर्शन जैसे गतिविधियां की।

पत्रकारिता और जनसंचार विभाग के विभागध्यक्ष डॉ. राम सुंदर कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का लोकतंत्र उसके चौथे स्तंभ अर्थात प्रेस और मीडिया के बिना अधूरा है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि एक अवसर है, जब हम प्रेस की स्वतंत्रता, जिम्मेदारी और शक्ति का सम्मान करते हैं। वर्तमान समय में डिजिटल मीडिया ने सूचनाओं को जन-जन तक पलक झपकते ही पहुंचाने का काम किया है। लेकिन इससे सूचनाओं की गुणवत्ता और सत्यता पर संदेह भी उठता है। इसमें सुधार की जरुरत है। उन्होंने आगे कहा कि देश की पत्रकारिता का एक समृद्ध इतिहास रहा है। यह भूमि स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाने वाले पत्रकारों और संपादकों की कर्मभूमि रही है। हमारे देश के पत्रकारों ने हमेशा समाज के कमजोर वर्गो की आवाज को प्रमुखता दी है और सत्यनिष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। साथ ही विभाग के सहायक प्रोफेसर, शाकिर हुसैन व करम ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वर्तमान समय की पत्रकारिता और भविष्य पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष की छात्रा मानश्वी चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं पोस्टर मेकिंग में छात्रा अंजली सोनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संचालन गोविंद पाटीदार ने किया।

## नीमच यातायात पुलिस द्वारा लगातार चलाया जा रहा विशेष अभियान...

# ब्लैक फिल्म एवं हेलमेट के बनाये चालान

**नीमच, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** यातायात पुलिस द्वारा पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार दो पहिया एवं चार पहिया वाहनो पर लगातार चालानी कार्यवाही की जा रही है साथ ही यातायात नियमों के प्रति लोगो को जागरूक भी किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन के निर्देशन में यातायात प्रभारी सुश्री उर्मिला चौहान एवं यातायात की टीम द्वारा काली फिल्म एवं बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले वाहन चालको के विरुद्ध लगातार विशेष अभियान चलाया जाकर चालानी कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी उर्मिला चौहान द्वारा बताया गया कि पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में थाना यातायात की टीम द्वारा लगातार वाहनों की चैकिंग की जा रही है। वाहनो की चैकिंग के दौरान ब्लैक फिल्म, बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वाले एवं बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले वाहन चालको को विशेष रूप से चैक किया जाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालको पर अधिकतम चालानी कार्यवाही की जा रही है साथ ही लोगो को यातायात नियमो के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। विगत 03 दिवस में थाना यातायात टीम द्वारा बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले वाहन चालको के विरूद्ध 104 चालान, चार पहिया वाहनो पर काली फिल्म लगाने वाले वाहन चालको के विरूद्ध 21 चालान सहित कुल 189 चालान बनाकर 74800 रूपये समन शुल्क वसूला गया। यातायात पुलिस द्वारा सभी वाहन चालकों से हेलमेट पहनकर वाहन चलाने एवं सीट बेल्ट लगाकर निर्धारित गतिसीमा का पालन करने की समझाइश दी गई।

## कराड़ा का निधन

**पिपलियामंडी, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** सेवानिवृत शिक्षक लक्ष्मीनारायण कराड़ा का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। शनिवार को सुबह महावीरगंज स्थित निवास से निकली अंतिमयात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन, गणमान्य नागरिक शामिल हुए। मुक्तिधाम पर पुत्र देवेन्द्र व ओमप्रकाश कराड़ा ने मुखाग्नि दी।

## अन्नकूट वितरण सम्पन्न

**पिपलियामंडी, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर सहित अंचल में अन्नकूट वितरण कार्यक्रम जारी है। शुक्रवार को बरखेड़ापंथ स्थित राधेकृष्ण गौशाला, रेलवे फाटक स्थित पंचमुखी बालाजी मंदिर, शासकीय कॉलेज के सामने हनुमान मंदिर पर अन्नकूट वितरण हुआ। बड़ी संख्या में लोगों ने अन्नकूट प्रसाद ग्रहण किया।

## समन्वय परिवार अध्यक्ष श्री काबरा के निधन पर श्रद्धांजलि

**मंदसौर, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी एवं समन्वय परिवार जिला शाखा अध्यक्ष श्री रामेश्वर लाल काबरा के निधन पर शोक श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए समन्वय परिवार उपाध्यक्ष एवं जनपरिषद संस्था अध्यक्ष डॉ घनश्याम बटवाल ने कहा कि श्री काबरा सामाजिक , सार्वजनिक और धार्मिक क्षेत्रों में अग्रणी रहकर योगदान करते रहे। भारत माता मंदिर संस्थापक एवं निवर्तमान जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी महाराज के विशेष कृपा पात्र रहे। विभिन्न संस्थाओं से जुड़े रहे श्री काबरा का शुक्रवार को निधन होगया

समन्वय परिवार मंदसौर इकाई के दिलीप गौड़ गोपाल त्रिवेदी , डॉ दिनेश तिवारी रमेश चंद्र सैनी , राजेंद्र तिवारी , ब्रजेश जोशी , के वी कुलकर्णी , कैलाश सोलंकी , दिवाकर उपाध्याय , कारूलाल सोनी , रमेश शर्मा , हरिकृष्ण गौड़ प्रियेश व्यास अशोक त्रिपाठी धीरेंद्र त्रिवेदी नरेंद्र नाहटा विजयेन्द्र सेठी विनोद चौबे शेष नारायण माली गीतांजलि गौड़ अर्चना माहेश्वरी उमेन्द्र सिंह गौड़ बंशीलाल टांक प्रधुम्न शर्मा राव विजयसिंह मुकेश भावसार मनोहर लाल सोनी शम्भूसेन राठौर सहित अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने श्री काबरा की सेवाओं को स्मरण करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

## दुष्कर्म का आरोपी रिमाण्ड पर

**पिपलियामंडी, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** युवती के साथ ज्यादती के मामले में गिरफ्तार युवक को कोर्ट ने एक दिन पुलिस रिमाण्ड पर सौंपा। पिपलिया थाने पर युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि खेड़ाखदान निवासी कृष्णपालसिंह पिता नेपालसिंह ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। पुलिस आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर गिरफ्तार किया। जिससे कोर्ट में पेश करने पर एक दिन का पुलिस रिमाण्ड मिला।

## एमपी में बिहार जैसी तस्करी..!

# सीमेंट के बंकर में छिपा रखा था 1 करोड़ का नशे का सामान, देखकर पुलिस भी हैरान

**इंदौर, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** बिहार में शराबबंदी के बाद भी शराब की तस्करी के ऐसे ऐसे तरीके सामने आते हैं कि देखकर लोग हैरान रह जाते हैं। इसी तरह इंदौर पुलिस ने भी एक सीमेंट के बंकर को पकड़ा और जब उसकी तलाशी ली तो हैरान रह गई। बंकर कई अलग-अलग ब्रांड के शराब से भरा पड़ा था। यह शराब राजस्थान से महाराष्ट्र जा रहा था। पुलिस ने बताया है कि महाराष्ट्र चुनाव में वोटरों को लुभाने के लिए यह शराब वहां जा रहा था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सीमेंट के बंकर में अलग-अलग ब्रांड की 925 पेटी शराब भरी हुई थी। पुलिस को इस बात की जानकारी एक मुखबिर से मिली तो पुलिस ने सांवेर रोड पर चेकिंग अभियान चलाकर शराब को पकड़ा और जब्त कर लिया है। शराब की कीमत 1 करोड़ 78 लाख 33 हजार 740 रुपये बताई जा रही है।

**पुलिस ने ऐसे दबोचा**–ग्रामीण एसपी हितिका वासल ने बताया कि पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि राजस्थान का रहने वाला ट्रक ड्राइवर अंबाला से शराब लेकर चला था। मुखबिर की सूचना मिलने पर पुलिस ने शिप्रा-सांवेर रोड पर चेकिंग लगाकर ड्राइवर और उसके सहयोगी को दबोच लिया है।

**महाराष्ट्र में वोटरों को लुभाने की कोशिश**–बता दें कि पकड़े गए आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि यह शराब महाराष्ट्र में होने वाले चुनाव में वोटर्स को लुभाने के लिए ले जाया जा रहा था। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को वोटिंग हैं। जिनके परिणाम 23 नवंबर को आएंगे। पुलिस ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

## मध्यप्रदेश/छत्तीसगढ़ पुनर्गठन अधिनियम 2006 की पेंशनर विरोधी धारा 49(6) को विलोपित कराने हेतु...

# विधायक को ज्ञापन सौंपा, विधानसभा में उठाने की मांग की

**मंदसौर, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र. के पेंशनरों को महंगाई राहत स्वीकृति को लेकर म.प्र./छ.ग. राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की पेंशनर विरोधी धारा 46 (6) को हटाने को लेकर एवं पेंशनरों की विभिन्न लम्बित मांगों को शासन स्तर पर विधानसभा में उठाकर इसे विलोपित किये जाने को लेकर भारत पेंशनर समाज जिला शाखा मंदसौर का प्रतिनिधिमण्डल जिलाध्यक्ष पं. गोपालकृष्ण शर्मा एवं वरिष्ठउपाध्यक्ष गोविन्दसिंह पंवार के नेतृत्व में मंदसौर के विधायक श्री विपिन जैन को मिलकर ज्ञापन प्रस्तुत कर चर्चा की गई। इस अवसर पर गोपालकृष्ण शर्मा एवं गोविन्दसिंह पंवार द्वारा विधायक श्री जैन को बताया कि प्रदेश के विभाजन हुए 24 वर्ष होने के बावजूद धारा 49(6) की आड़ में दोनों ही प्रदेश की सरकारों की मिलीभगत से केन्द्र सरकार द्वारा घोषित मुख्य सूचकांक के आधार पर वर्ष में 2 बाद बढ़ने वाली महंगाई राहत पेंशनरों को केन्द्रीय तिथि से नहीं दिया जाकर इनका आर्थिक शोषण कर एरियर



राशि नहीं दी जाकर हड़प ली जाती है। इसके साथ ही यह भी बताया कि म.प्र. एवं छत्तीसगढ़ राज्यों के साथ ही बिहार एवं उत्तरप्रदेश से झारखण्ड एवं उत्तराखण्ड बनाये गये किन्तु वहां ऐसी कोई धारा का प्रावधान नहीं है। तत्संबद्ध में केन्द्र सरकार भी म.प्र. एवं छत्तीसगढ़ राज्यों को धारा 49(6) पर कार्यवाही हेतु मार्गदर्शन निर्देश प्रदान कर चुकी है। मंदसौर के पूर्व विधायक श्री यशपालसिंह सिसौदिया द्वारा पिछली विधानसभा में पेंशनरों के हितों को देखते हुए इस धारा 49(6) को समाप्त करने को लेकर विधानसभा में अशासकीय संकल्प पारित करवाया गया किन्तु इस पर कोई निर्णय आज पर्यन्त तक कोई कार्यवाही नहीं किया जाना एक विचारणीय विषय है। अशोक शर्मा व सतीश नागर ने बताया कि राज्य शासन द्वारा जिला स्तर पर वर्ष 2011 में खोले गये पेंशन कार्यालय को बंद करने की कार्यवाही कर इसका केन्द्रीयकरण कर भोपाल मुख्यालय से संचालित करने जा रही है। जो एक पेंशनर विरोधी कार्यवाही है। जिसे तत्काल रूकवाने का आग्रह किया। प्रतिनिधि मण्डल में भारत पेंशनर समाज के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अशोककुमार शर्मा, महामंत्री इंजि. सुनील व्यास, सचिव कन्हैयालाल भावसार, प्रकाश पटवारी, प्रमुख पेंशनर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सतीश नागर सम्मिलित रहे। उक्त जानकारी भारत पेंशनर समाज के अशोक कुमार शर्मा द्वारा प्रेस विज्ञप्ति में दी गई।

## आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु शिविर आज

**मंदसौर, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज की सेवा संस्था नव जागृति मंच द्वारा 17 नवंबर रविवार को प्रात: 11 से 1 बजे तक 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु एक शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर केव्यवस्था प्रभारी सुनील पंचारिया ने बताया कि श्री जगदीश विलास जीवागंज में आयोजित शिविर में 70 वर्ष से अधिक आयु के महानुभाव लाभ उठा सकते हैं।केवल आधार कार्ड और एक पासपोर्ट साइज का फोटो साथ लाना है यदि कोई वृद्ध जन अस्वस्थता या किसी कारण ना सके तो उनके परिवार के कोई भी सदस्य आ सकते हैं। उल्लेखनीय है कि आयुष्मान कार्ड से 5 लाख तक का उपचार नि:शुल्क किया जाता है।

# सुबह छाने लगी धुंध

**मंदसौर, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस। उत्तर पूर्वी हवाओ का असर कम होने से पिछले दो तीन दिन में मंदसौर में ठंड का असर बढ़ गया है। वहीं, पहाड़ी क्षेत्रों में चल रही जेट स्ट्रीम हवाएं प्रदेश के उत्तरी क्षेत्र से आ रही है। इसी के चलते मौसम में बदलाव आया है। अगले चार-पांच दिन ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है। सुबह-सुबह हल्की धुंध भी दिखाई देने लगी है।**

जिले में अधिकतम तापमान 30 डिग्री व न्यूनतम तापमान 16 डिग्री के आसपास बना हुआ है। आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट देखने को मिलेगी। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि हवा का रुख जब उत्तर-पश्चिमी हो जाएगा और पहाडों पर बर्फबारी होगी, तब तापमान में और गिरावट होगी। उत्तर-पश्चिमी हवाओं के असर से ग्वालियर-चंबल संभाग सबसे ज्यादा ठंडा रहेगा। हवाओं का असर इन्हीं संभागों में सबसे पहले होता है। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिम-उत्तर भारत के ऊपर जेट स्ट्रीम हवाएं चल रही है। वहीं, दक्षिणी हिस्से में एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव है। जेट स्ट्रीम हवाओं की रफ्तार तेज होने से प्रदेश में इसका असर रहेगा।

# ट्रांसफार्मर से आईल चोरी की वारदात से किसान परेशान



**मल्हारगढ़, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र में विधुत ट्रांसफार्मर से आईल चोरी की लगातार बढ रही घटनाओं ने किसानों नींद हराम कर रखी है आईल चोरी की घटना से किसानों को रबी की फसल सिंचित करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेता परशुराम सिसौदिया मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि किसानों से लगातार सूचनाएं प्राप्त हो रही है कि चोर विद्युत डिपियो से आईल चोरी कर ले जा रहे है।

किसान नेता नेमीचंद डाका, बाबू खा मेवाती नारायणगढ़ ने बताया कि हमारे यहां भी खेरया बाउजी के यहां लगे दो ट्रांसफार्मर से चोर तीन बार आईल चुरा ले गये थे बड़ी मशक्कत के बाद विधुत वितरण कम्पनी से ट्रांसफार्मर मिले इससे सिंचाई कार्य भी प्रभावित हुवा। सिसौदिया एवं शर्मा ने कहा कि पुलिस भी पूरी मुस्तैदी के साथ ट्रांसफार्मर से आईल चुराने वाले गिरोह का पता लगाएं ओर कार्यवाही करे वही किसान भी जागरूक रह कर खुद भी निगरानी करे।

# संस्कारित विद्यार्थी ही विकसित राष्ट्र की प्रमुख आधारशिला है-देरा

## पंचजन्य माता-पिता परिवार मेले व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्साह के साथ दिखाई विद्यार्थियों ने प्रतिभा

**नीमच, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल सीबीएसई के तत्वाधान में शिशु रंजनी अभियान के अंतर्गत बच्चों के मनोरंजन के लिए पितामह - मातामही दिवस के पावन उपलक्ष्य में 14 नवंबर के उपलक्ष्य में शाम 4 बजे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में संघ शताब्दी वर्ष के अंतर्गत पंच परिवर्तन आधारित युवा पीढ़ी को अपने कर्तव्य व परिवार के महत्व की प्रेरणा देते हुए विद्यालय द्वारा पितामह मातामहि दिवस एवं शिशु रंजनी मेले का आयोजन किया गया जिसमें सभी कक्षा वर्ग के विद्यार्थियों ने अपार उत्साह के साथ सहभागिता निभाते हुए भाग लिया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर आयोजित मेले में स्वादिष्ट व्यंजन, आकर्षक झूले 1 मिनट गेम, टॉप 10, घुड़सवारी, प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा आकेस्ट्रा में देश भक्ति गीतों एवं भजनों विषयों पर आधारित नृत्य नाटिका सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन वयोवृद्ध दादी मां मथरा बाई, के कर कमलों द्वारा किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ तरंगिनी समूह ने प्रार्थना से किया। मधु मोदी द्वारा अतिथि परिचय प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य कविता जिंदल ने अपने स्वागत भाषण कार्यक्रम की भूमिका स्पष्ट की जिसमें सामाजिक समरसता पर्यावरण संरक्षण, का वसुधैव कुटुंबकम्, स्व का बोध, नागरिक कर्तव्य आदि विषयों के वर्तमान परिपेक्ष में महत्व को प्रतिपादित किया। प्राचार्य महेश गदले ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डाला। पुण्यश्लोक राजमाता



अहिल्याबाई होलकर के त्रिशताब्दी वर्ष एवं आदिवासी गौरव बिरसा मुंडा के समाज के प्रति योगदान का भी कार्यक्रमों में समायोजन किया गया।कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना सामूहिक नृत्य अन्य विद्यार्थियों द्वारा अपने बुजुर्ग वयोवृद्ध दादा दादी नाना नानी की आरती की नृत्य नाटिका, यूकेजी के बच्चों द्वारा यह तो सच है कि भगवान है धरती पर मां-बाप गीत पर समूह नृत्य ,कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने आज और कल पर नाटिका, कक्षा 6 के विद्यार्थियों ने पेड़ बचाओ पर आधारित नृत्य नाटिका, इसके साथ ही वरिष्ठ दादा दादी द्वारा विद्यार्थियों का जीवन चरित्र पर अपना अनुभव सुनाए। नर्सरी के नन्हे मुन्ने बच्चों ने बम बम भोले गीत पर नृत्य, 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा जैसी करनी वैसी भरनी नाटिका, तरंगिणी समूह द्वारा म्यूजिक आर्केस्ट्रा, एलकेजी के विद्यार्थियों द्वारा सपने सच हो जाना समूह नृत्य, कक्षा 9 के विद्यार्थियों द्वारा संयुक्त परिवार पर आधारित नाटिका प्रस्तुत कर संयुक्त परिवार के लाभ हानि पर प्रकाश डाला और प्रेरणादाई संदेश दिया। कक्षा 1 से पांचवी तक के विद्यार्थियों द्वारा त्योहार पर आधारित समूह नृत्य, कक्षा सातवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा देश के सभी राज्यों की संस्कृति पर आधारित समूह नृत्य और अंत में सभी दीदी शिक्षिकाओं द्वारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया, 11वीं के विद्यार्थियों ने स्वच्छ भारत पर आधारित सफाई का संदेश देती नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी।कार्यक्रम में मुख्य अतिथिविभाग समन्वयक मंदसौर राघवेंद्र देराश्री ने कहा कि शिशु मंदिर में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।संस्कार से ही व्यक्ति विकसित राष्ट्र बनाने में सहयोगी बनता है। शिशु भारती में विद्यार्थियों को राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने के संस्कार सिखाए जाते हैं। सभी अभिभावकों को शिक्षा के साथ संस्कारों को जीवन में आत्मसात करने के लिए बच्चों को प्रेरित करना होगा। उन संस्कारों पर स्वयं भी चलना होगा तभी विद्यार्थी भावी विकसित राष्ट्र के निर्माता बन सकेंगे। विद्यार्थी ही विकसित राष्ट्रकेनींव केपत्थर है। संस्कारित विद्यार्थी ही विकसित राष्ट्र की प्रमुख आधारशिला होते हैं। इस बात को हमें जीवन में आत्मसात करना होगा।

अभिभावकों की रुचि के कारण ही बच्चों ने भारतीय सनातन संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया हैं।जो समाज को एक नई दिशा प्रदान करेंगे। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सभी सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भारतीय सभ्यता और संस्कृति की झलक दिखाई दी है। विभिन्नता में एकता ही भारत राष्ट्र की विशेषता है जो यहां सामूहिक नृत्य में परीलक्षित हुई है। राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने के लिए संस्कृति को विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में जीवित रखना आवश्यक है। शिशु मंदिर की संस्कृति का साथ पूरे समाज को देना चाहिए। संस्कृति को समझ कर धारा प्रवाह बहाना हम सब का कर्तव्य है।भारतीय संस्कृति स्व का बोध कर पर कल्याण की शिक्षा प्रदान करती है। देश के प्रति गौरव स्वाभिमान समरसता सभी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को स्वीकार कर करना चाहिए। वसुदेव कुटुंबकम की भावना को हमारे पूर्वजों ने आत्मसात किया और देश को विकसित राष्ट्र बनाया। हम स्वयं भी प्रेरित होऔर दूसरों को भी प्रेरित करें देश के प्रति सभी को सजक होकर अपने कर्तव्यों का निरवहन करना होगा। पृथ्वी भूमि का टुकड़ा नहीं हमारी माता है।हम इसके पुत्र के समान है। मातृभूमि की रक्षा के लिए हमें संघर्ष करना पड़े तो पीछे नहीं हटना चाहिए। प्रकृति का संतुलन बनाने के लिए पर्यावरण संरक्षण आवश्यक है।पर्यावरण संरक्षण के लिए पंच यज्ञ का विधान है। प्रति दिन गाय, कुत्ते को रोटी, चींटी को आटा, पक्षियों को दाना और जल जीवों को आहार देना भारतीय संस्कृति का संस्कार है। यज्ञ में अग्नि धूप हवन की पंचामृत से वातावरण शुद्ध होता है इसे हमें समझना आवश्यक है। स्वच्छ भारत में भी हमें सहयोगी बनना चाहिए तभी हमारा भारत विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में अग्रणी बनेगा। विवेकानंद बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रहलाद राय गर्ग, दडोली वाला ने कहा कि विद्यालय में समय-समय पर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी विज्ञान पर आधारित सांस्कृतिक सामाजिक कार्यक्रम निरंतर आयोजित किये जा रहे हैं। विद्यालय परिवार सक्रियता के साथ अपने कर्तव्य का निर्माण कर रहा है। विद्यार्थियों के अभिभावक सुभाष पाटीदार लाभचंद जैन रवि कुमार जैन, किशन चतुर्वेदी आदि ने विद्यार्थियों में आ रहे परिवर्तन और संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रवेश द्वार पर विद्यालय की शिक्षिका दीदी सपना शर्मा, सलोनी यादव ,आशा शर्मा ,नम्रता चौहान ,मीनाक्षी शर्मा, कीर्ति वर्मा ने क्रमश: सभी विद्यार्थियों का चंदन तिलक लगाकर सम्मान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर अतिथियों द्वारा किया गया। अतिथियों की अगवानी प्राचार्य कविता जिंदल एवं समिति सचिव निलेश पाटीदार द्वारा की गई। कार्यक्रम का रचनात्मक प्रभावी संचालन शिक्षिका दीदी मधु मोदी पूजा व्यास विद्यार्थी बहन साक्षी जैन , बहन खुशबू शर्मा ने संयुक्त रूप से किया तथा आभार समिति सचिव निलेश पाटीदार की प्रतिनिधि प्रतिमा शर्मा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ एवं राष्ट्रगान से किया गया।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 99 | 2100 | 2700 |
| उडद | 134 | 6000 | 7200 |
| सोयाबीन | 5800 | 3800 | 4700 |
| गैहु | 2739 | 2810 | 3260 |
| चना | 110 | 4800 | 6700 |
| मसुर | 145 | 5796 | 6121 |
| धनिया | 265 | 5126 | 6700 |
| लहसुन | 10150 | 15000 | 31000 |
| मैथी | 770 | 4901 | 5981 |
| मुंगफली | 2200 | 3500 | 5600 |
| अलसी | 16740 | 5601 | 6121 |
| सरसो | 448 | 5640 | 5885 |
| तारामीरा | 2 | 5000 | 5000 |
| इसबगोल | 68 | 10800 | 12400 |
| प्याज | 1666 | 1100 | 4210 |
| कलोंजी | 15 | 16000 | 18781 |
| तुलसी बीज | 17 | 13152 | 21900 |
| डॉलर | 56 | 9000 | 10800 |
| तिल्ली | 43 | 10001 | 12701 |
| जौ | 20 | 2540 | 2610 |
| मटरसुखी | 4 | 6200 | 7601 |
| असालीया | 71 | 10101 | 13300 |
| मूंग | 5 | 5300 | 6000 |

# बाबा महाकाल को अमेरिकी डॉलर की माला अर्पित कर 'लापता' हुआ भक्त

## डोनाल्ड ट्रंप से है कनेक्शन, माला की कीमत उड़ा देगी होश...!



**उज्जैन, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश की उज्जैन जिले को महाकाल की नगरी के नाम से भी जाना जाता है। हर दिन यहां बड़ी संख्या में भक्त बाबा महाकाल के दर्शन करने आते हैं। महाकालेश्वर मंदिर में देश-विदेश से आने वाले भक्त बड़ी संख्या में दान भी करते हैं। शनिवार को पहली बार किसी भक्त ने बाबा महाकाल को भस्म आरती में अमेरिकन डॉलर से बनाई नोटों की माला भेंट की है। अमेरिक नोटों की माला देखकर मंदिर प्रशासन भी सकते में रह गया। बताया जा रहा है कि इस माला में करीब 200 अमेरिकी डॉलर हैं।

शनिवार को बाबा महाकाल की भस्म आरती के दौरान एक भक्त ने गुप्त दान करते हुए अमेरिकी डॉलर की माला भगवान शंकर को भेंट की। यह करीब तीन फीट की माला है। मंदिर प्रशासन के अनुसार, अमेरिकी डॉलर के 200 से ज्यादा नोट लगे हैं। इस माला के बीच में 'जय श्री महाकाल' लिखा हुआ है। जिसने भी यह माला देखी हर कोई हैरान रह गया। हालांकि यह दान किसने किया है इसका खुलासा नहीं हो सका।

**महाकाल को चढ़ाई गई माला–** भस्म आरती के बाद बाबा महाकाल को अमेरिकी डॉलर की माल चढ़ाई गई। मंदिर प्रशासन के अनुसार, यह माला दान पेटी में रखी थी। दान करने वाले ने अपना नाम नहीं बताया और दान देकर मंदिर परिसर से चला गया।

**डोनाल्ड ट्रंप की जीत से खुश था भक्त–** हाल ही में अमेरिका में राष्ट्रपति के चुनाव हुए हैं। इन चुनावों में डोनाल्ड ट्रंप को जीत मिली है। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत होने के बाद बाबा महाकाल की नगरी में आए एक भक्त ने बाबा महाकालेश्वर को करीब 200 अमेरिकी डॉलर की माला भेंट की।

**भारतीय रुपये में कितने की है माला–** महाकाल मंदिर प्रशासक गणेश धाकड़ ने बताया कि माला किसने दी, ये नहीं पता चल पाया है। भस्म आरती के दौरान एक भक्त ने माला अर्पित की और आग्रह किया कि यह माला भगवान को पहनाई जाए। माला भगवान को अर्पित करने के बाद दान पेटी में डाल दी गई है। जानकारी के अनुसार, भारतीय करेंसी के अनुसार, माला में लगे डॉलरों की कीमत करीब 2 लाख रुपये तक हो सकती है।

# सरकार की घोषणा से जागी उम्मीद, किसानों को होगा लाभ

**मंदसौर, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** अब जिले में लहसुन और संतरे की खेती भी किसानों के लिए भी लाभ का सौदा साबित होगी। यहां इन दोनों फसलों के अलावा औषधीय फसलों का उत्पादन भी अधिक होता है। वर्षों से इन फसलों पर आधारित उद्योग और रोजगार की मांग हो रही है। अब खेती को उद्योगों से जोड़कर प्रोसेसिंग यूनिट किसानों को उपज का बेहतर दाम दिलवाएगी और खेती को रोजगार व उद्योग आधारित बनाएगी। सीएम डॉ. मोहन यादव की घोषणा से इसके लिए उम्मीद जगी है।

जिले में लहसुन से लेकर प्याज व अन्य औषधीय फसलों के उत्पादन के साथ क्वालिटी भी कई राज्यों में बेहतर मानी जाती है। 29 अक्टूबर को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शहर में मंदसौर-नीमच के औषधि व उद्यानिकी फसलों के अत्यधिक उत्पादन को देखते हुए यहां इंडस्ट्री कान्क्लेव करने की घोषणा की थी। यह हुआ तो मसाला, मेडिसिन और फलों पर आधारित उद्योगों से जुड़े उद्योगपति आएंगे। यह उद्योग स्थापित हुए तो किसानों को प्लेटफॉर्म मिलेगा और उपज की अच्छी कीमत मिलेगी। उद्योगों से उद्यानिकी व औषधीय फसलों को लाभ होगा। इससे किसान भी उद्योगों से सीधे जुड़ेंगे तो आत्मनिर्भर बनेंगे।

**मंदसौर के लिए सब कुछ पॉजीटिव–** जिले से दिल्ली से मुंबई तक एक्सप्रेस वे गुजर रहा है तो फोरलेन से लेकर अन्य हाईवे गुजर रहे हैं। वहीं चंबल के कारण पानी की उपलब्धता है और रेलवे परिवहन भी बेहतर है। सड़क-रेल परिवहन के साथ उद्योगों के लिए कच्चा माल भी अत्यधिक है। ऐसे में उद्योगों के लिए जिले में पूरी तरह माहौल तैयार है। अब यदि कॉन्क्लेव हुआ तो उद्योगों के साथ खेती व रोजगार को भी पंख लग जाएंगे।

**लहसुन व संतरे की सबसे अधिक खेती–** मसाला की फसल में जिले में उत्पादन व रकबा भी बेहतर है। 67 हजार 757 हेक्टेयर मसाला फसलों का रकबा है और 2 लाख 50 हजार 80 मैट्रिक टन उत्पादन है। वहीं औषधीय में 9 हजार 170 हेक्टेयर का रकबा है और उत्पादन 10 हजार 388 मीट्रिक टन है। इनमें औषधीय में कलोंजी, मैथी, धनिया, तुलसी, ईसबगोल, कालमेघ, अश्वगंधा सहित अन्य कई औषधीय फसलों की खेती हो रही है। वहीं मसाला में लहसुन-प्याज की खेती सबसे अधिक होती है। लहसुन व संतरे का उत्पादन सबसे अधिक होता है। इन्हीं की देशभर में सबसे अधिक मांग है। जिले में उद्यानिकी फसलों का रकबा 1 लाख 7 हजार हेक्टेयर है और इनका उत्पादन 6.43 लाख मीट्रिक टन है। सबसे ज्यादा लहसुन का रकबा है। 18 हजार 211 हेक्टेयर रकबे की लहसुन में 1.82 लाख मीट्रिक टन का उत्पादन होता है।

**गरोठ में संतरामंडी–** लहसुन को एक जिला एक उत्पाद में लेने के बाद प्रोसेसिंग यूनिट की डीपीआर बनी। 40 से अधिक प्रोसेसिंग यूनिट से किसानों को रोजगार व उद्योग से जोडने की कवायद थी, लेकिन कागजों से बाहर नहीं आ पाई। वहीं गरोठ से लेकर शामगढ़ क्षेत्र में संतरा बड़ी मात्रा में होता है। ऐसे में गरोठ में संतरा मंडी की मांग सालों से है और मई-2023 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने इसकी घोषणा भी की थी।

**इनका कहना–** गरोठ में संतरा मंडी और प्रोसेसिंग यूनिट के लिए भी प्रस्ताव भेजे हैं। जिले में कुछ जगहों पर यूनिट चालू भी हुई है। अनुकूलता के कारण लगातार औषधीय व उद्यानिकी फसलों की ओर किसानों की रुचि बढ़ रही है।

**केसी सोलंकी**
**उपसंचालक उद्यानिकी विभाग**

# विकास के लिए शिक्षा अनिवार्य, लेकिन वह भारत केंद्रित हो- संघ प्रमुख भागवत



**नई दिल्ली, 16 नवम्बर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS)प्रमुख मोहन भागवत शुक्रवार को गुरुग्राम पहुंचे थे। यहां वह 'विविभा-2024:विकसित भारत के लिए विजन' के उद्घाटन सत्र में शामिल हुए। भागवत ने कहा कि विकास के लिए शिक्षा अनिवार्य लेकिन वह भारत-केंद्रित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत को अपने विकास के मॉडल बनाने की जरूरत है जो वैश्विक उदाहरण बन सकें।

**भारत-केंद्रित हो- मोहन भागवत–** संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि शिक्षा के बिना विकास संभव नहीं है, लेकिन यह शिक्षा भारत-केंद्रित होनी चाहिए। हमें दुनिया भर से अच्छे विचार लेने चाहिए, लेकिन कभी भी अंधाधुंध अनुयायी नहीं बनना चाहिए। भारतीय ज्ञान प्रणाली पर आधारित शोध के लिए शोधकर्ताओं का मार्गदर्शन करना शिक्षकों की जिम्मेदारी है। 'भारतीय शिक्षण मंडल-युवा आयाम' की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ और नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी जैसे विशिष्टवक्ताओं ने देश भर के विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के साथ विकसित भारत को प्राप्त करने के बारे में अपने विचार साझा किए। एस सोमनाथ ने विकसित भारत की ओर भारत की यात्रा में अगले 25 वर्षों के महत्व पर प्रकाश डाला।

**16वीं शताब्दी तक भारत हर क्षेत्र में आगे था–** मोहन भागवत ने कहा कि पहली शताब्दी से लेकर 16वीं शताब्दी तक भारत हर क्षेत्र में आगे था। हमने बहुत पहले ही बहुत कुछ खोज लिया था। हम बस रुक गए और इसी कारण हमारा पतन शुरू हुआ। उन्होंने खेती का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत में पिछले 10,000 सालों से खेती हो रही है, लेकिन जमीन,पानी,हवा के प्रदूषित होने की समस्या कभी नहीं थी। लेकिन जब बाहर से खेती आई, तो 500-600 सालों में ही ये चीजें होने लगीं। भागवत ने कहा, 'कहीं न कहीं भारत की दृष्टि में कमी थी, जिसके कारण विकास में एकतरफा हुआ। भारत में विकास समग्र रूप से होना चाहिए।' उन्होंने कहा कि आजकल बहस इस बात पर होती है कि विकास किया जाए या पर्यावरण की रक्षा,जैसे हमें एक को चुनना है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन में,यह एक या दूसरे को चुनने के बारे में नहीं है, बल्कि दोनों को एक साथ लेकर चलने के बारे में है। भागवत ने आगे कहा कि सिर्फ चार प्रतिशत लोग 80 प्रतिशत संसाधनों पर नियंत्रण करना चाहते हैं। इस तरह का विकास लोगों पर लाठी का इस्तेमाल करके धकेला गया है। भागवत ने कहा कि जो लोग तकनीकी विकास को आगे बढ़ाते हैं, तो आप देख सकते हैं कि वे आबादी का सिर्फ 4 प्रतिशत हैं, लेकिन उन्हें 80 प्रतिशत संसाधनों की जरूरत है और उन संसाधनों को प्राप्त करने के लिए वे कई लोगों पर लाठी का इस्तेमाल करना चाहते हैं।उन्होंने कहा कि इस तरह के विकास के लिए लोगों को वास्तव में कड़ी मेहनत करनी पड़ती है और जुनून के साथ काम करना पड़ता है,लेकिन उन प्रयासों का फल बहुत लोगों को नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि जुनून को फिर से जगाने के लिए लाठी का इस्तेमाल उनके ही लोगों पर करना चाहिए,ऐसी स्थितियां हर जगह देखने को मिलती हैं।

# पिपलिया में 2022 में तोड़ा गया था मकान, बुलडोजर एक्शन पर प्रशासन के खिलाफ कानूनी कार्यवाही प्रारंभ

**पिपलियामंडी, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** वर्ष 2022 में आरोपी के घर को बुलडोज़र से तोड़ने के मामले में पीड़ित पक्ष ने शासन से मुआवज़ा दिलाने और ज़िम्मेदार अधिकारियों पर आपराधिक मामला प्रारंभ कर उन्हें सज़ा दिलाए जाने को लेकर क़ानूनी कार्यवाही प्रारंभ की है। अधिवक्ता एम जैनुल मंसूरी ने बताया 3 नवम्बर 2022 को पिपलियामंडी पुलिस ने पिपलिया झोपड़पट्टी निवासी आसिफ़ ख़ान को एक अपराध के आरोप में गिरफ़्तार किया गया था, जिसके बाद असामाजिक तत्वों ने पुलिस और प्रशासन पर आरोपी का मकान तोड़ने का अवैधानिक दबाव बनाया, जिस पर अगले दिन तत्कालीन तहसीलदार, तत्कालीन थाना प्रभारी और तत्कालीन सीएमओ ने मय दलबल के आकर जेसीबी से आरोपी का मकान तोड़ दिया। बाद में न्यायालय ने आरोपी पर अपराध अप्रमाणित मानते हुए बरी किया। तोड़ा गया मकान आरोपी के माता, पिता सलीम ओर गौरी का था, जिसमें आरोपी के माता पिता अपने 2 पुत्र, 2 पुत्री और बहू व पोत्र के साथ रहते थे। दोनों पति पत्नी ने जीवनभर मेहनत, मज़दूरी संघर्ष कर अपना आशियाना बनाया था। किंतु क़ानून के रखवालों ने ही क़ानून का उल्लंघन कर संपत्ति का विध्वंस किया। पीड़ित सलीम और गौरी बी की तरफ़ से अधिवक्ता एम जैनुल मंसूरी ने प्रशासन के विरुद्ध कार्यवाही प्रारंभ करते हुए मप्र राज्य द्वारा कलेक्टर को धारा 80 सिविल प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत क़ानूनी नोटिस 25 लाख रुपए का मुआवज़ा देने और ज़िम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों के खिलाफ़ आपराधिक मुक़दमा दर्ज करने अन्यथा न्यायलयीन कार्यवाही का सामना करने बाबत दिया है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने भी ऐसे मामलो में बुलडोज़र न्याय के तहत संपत्ति के विध्वंस के खिलाफ सख्त राष्ट्रव्यापी दिशा-निर्देश जारी किए है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि किसी पर मामला दर्ज होने या दोषी ठहराने पर भी किसी का घर नहीं तोड़ा जा सकता है, किंतु राजनीतिक दबाव और झूठी वाहवाही के लिए पुलिस प्रशासन ऐसी विध्वंसकारी मनमानी कार्यवाही कर तो देता है पर क़ानून के खिलाफ ऐसे कामों के लिये फिर अधिकारियों को ही न्यायिक कार्यवाहियों का सामना करना पड़ता है।

## राष्ट्र व सनातन जागरण पर परिचर्चा आज

**मंदसौर, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्र व सनातन जागरण अभियान के अंतर्गत अनुराग संस्था व ब्रह्म परिषद का संयुक्त आयोजन 'आत्मबोध' में 'परिपाठी का पालन और परिवर्तन की पुकार' विषय पर परिचर्चा का आयोजन दिनांक 17 नवम्बर 2024, रविवार को प्रात: ठीक 11 बजे श्री भीमाशंकर महादेव मंदिर परिसर, बड़ी होली, किला रोड, कोर्ट परिसर के बाहर, मन्दसौर पर रखी गई है। राष्ट्र व सनातन जागरण के इस पुनीत अभियान में सभी राष्ट्र अनुरागी युवा, महिला एवं पुरुष सादर आमंत्रित हैं।

# कौशल विकास अंतर्गत बाल मेला सम्पन्न

**नारायणगढ़, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** कार्तिक मास के महापर्व एवं वैकुंठ चतुर्दशी के अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नारायणगढ भैया बहिनों को कौशल विकास के अंतर्गत व्यापारिक गतिविधियां सिखाने के उद्देश्य से बाल मेले का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत भैया बहिनों ने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों, खेल कूद के स्टॉल लगाए, विज्ञान एवं गणित मॉडल प्रदर्शनी एवं शिशु वाटिका की 12 शैक्षिक व्यवस्थाओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आदरणीय डॉ विष्णु सेन जी कछावा (समिति सदस्य, आदर्श बाल शिक्षण समिति, मल्हारगढ़ एवं आरोग्य भारती के प्रांत अध्यक्ष) मुख्य वक्ता के रूप में आदरणीय श्री ओमप्रकाश जी बटवाल (अध्यक्ष, आदर्श बाल शिक्षण समिति, मल्हारगढ़ एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ मल्हारगढ़ तहसील खण्ड संघ चालक) अध्यक्षता श्री राहुल जी पाटीदार (सचिव संस्कृति विकास शिक्षण, नारायणगढ़) विशेष अतिथि श्री कमल किशोर जी चौधरी (अभिभावक प्रतिनिधि, संस्कृति विकास शिक्षण समिति नारायणगढ़) मंचासीन रहे। अतिथि महानुभाव द्वारा विद्यालय के नवीन पुस्तकालय कक्ष माधव पुस्तकालय का उद्घाटन कर भैया बहिनों द्वारा लगाए गए बाल मेले, विज्ञान प्रदर्शनी एवं शिशु वाटिका की 12 शिक्षक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री कारूलाल जी तांतिया (आचार्य, नारायणगढ़) अतिथियों परिचय श्री अंतिम जी वर्मा (प्राचार्य, नारायणगढ़) व्यक्तिगत गीत सुश्री रचना वर्मा (आचार्या, नारायणगढ़) स्वागत छात्र संघ बहिनों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथि, अभिभावक एवं समाजजन को नि:शुल्क तुलसी के पौधे का वितरण भी किया गया।

# किश्ते जमा, फिर भी बाकी बताकर की बाइक छिनने की कोशिश

## भीड़ जमा होने पर भागे युवक, पुलिस कर रही जांच

**पिपलियामंडी, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** बिना नम्बर की बाइक पर सवार होकर आए तीन युवकों ने बाइक की किस्ते बकाया बताकर बाइक छिनने की कौशिश की, लेकिन भीड़ जमा होने पर कथित फायनेंस कंपनी के कर्मचारी भाग निकले। जिसकी शिकायत पीड़ित व्यक्ति ने पिपलिया थाने पर की। लसुड़िया राठौर निवासी लक्ष्मीनारायण पिता मोहनलालजी नायक ने पिपलिया चौकी पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं अपने सालेजी पानमोड़ी निवासी संतोष की बाइक क्रमांक आरजे 35 एसपी 9544 को लेकर पिपलियामंडी आया था। इस दौरान दिनांक 16 नवम्बर 2024 को दोपहर 2 बजे करीब पिपलियामंडी गांधी चौराहे पर बाइक पर सवार होकर तीन युवक आए और मेरी बाइक ले जाने लगे, जब मैंने कारण पूछा तो तीनों युवकों ने कहा कि आपकी बाइक की किस्तें बाकी है। मैंने कहा कि हमारी सभी किस्तें जमा है तो प्रार्थी से तीनों युवक झकड़ा करने लगे व बाइक छिनने लगे। मैंने तीनों युवकों को दूर जाकर तीनों युवकों के फोटो लिए तो तीनों ने मेरा मोबाइल छिना और फोटो डिलीट कराए। तीनों मेरे साथ बाइक छिनने लगे, मारपीट की स्थिति निर्मित हो गई, काफी लोग एकत्रित हो गए तो तीनों युवक भाग निकले। जिस बाइक से तीनों युवक सवार थे, उस बाइक पर भी नम्बर नही थे। जब मैंने बजाज फायनेंस मैनेजर नीमच पर मोबाइल कॉल कर बातचीत तो मैनेजर का कहा था कि आपकी कोई किस्त बाकी नही है और हमने किसी भी व्यक्ति को वसूली के लिए या बाइक लेने के लिए नही भेजा है। पीड़ित व्यक्ति ने बताया तीनों व्यक्ति प्रार्थी की बाइक को लूटकर ले जाना चाहते थे, लेकिन लोगों के एकत्रित होने के बाद वे भाग निकले। मेरे मोबाइल में फोटो भले ही डिलीट कर दिए, लेकिन ये फोटो मेरी मोबाइल की डिलिट हिस्ट्री में मौजूद है, जो मैंने पुलिस चौकी पर दे दिए है।

**आवेदन आया है, जांच कर रहे है:–** चौकी प्रभारी रितेश नागर ने बताया इस संबंध में आवेदन आया है, बाइक लेने आए युवकों के फोटो भी सामने आए है, पुलिस जांच कर रही है।

## नशा मुक्ति के क्षेत्र में एक लाख तक पुरुस्कार

**मंदसौर, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा राज्य में नशा मुक्ति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवियों और स्वैच्छिक संगठनों को प्रोत्साहित करने हेतु राज्य स्तरीय एवं जिला स्तरीय विवेकानंद नशा मुक्ति पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसमें राज्य स्तरीय पुरस्कार के रूप में 1 लाख रुपये के दो पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे, जबकि प्रत्येक जिले में तीन पुरस्कार 10 हजार रुपये के होंगे।

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय ने इसके लिए योग्य संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 18 दिसंबर 2024 है। इसे संचालनालय के पते या ई-मेल पर जमा कराया जा सकता है। जिला स्तरीय पुरस्कार के लिए आवेदन जिला कार्यालय में जमा किए जाएंगे। अधिक जानकारी कार्यालयीन समय में संबंधित कार्यालयों या विभागीय वेबसाइट socialjustice.mp.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

## पेंशनर्स के जीवन प्रमाण-पत्र बनाने हेतु चलाया जा रहा विशेष अभियान

**मंदसौर, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर डाक संभाग के अंतर्गतक मंदसौर जिले के समस्त शहरी एवं ग्रामीण पोस्टं ऑफिस के माध्यसम से पेंशनर्स के जीवन प्रमाण-पत्र बनाने हेतु 30 नवंबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। केंद्र एवं राज्यव सरकार के समस्तए पेंशनर मंदसौर जिले के समस्त शहरी एवं ग्रामीण डाकघरों के माध्यम से जीवन प्रमाण-पत्र बनवाने की सुविधा का लाभ उठा सकते है।

## शासकीय, अशासकीय भवनों पर नारे- बैनर लगाने पर प्रतिबंध

**मंदसौर, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग द्वारा बताया गया कि पंचायत उप निर्वाचन 2024 उत्तरार्द्ध के संबंधित पंचायत क्षेत्र में राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव प्रचार करने के लिए शासकीय/अशासकीय भवनों पर नारे एवं बैनर लगाए जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। शासन द्वारा मध्य प्रदेश संपत्ति कोई भी जो संपत्ति के स्वामी की लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक दृष्टिमें आने वाली किसी संपत्ति को स्याही, खड़िया, रंग, या किसी अन्य पदार्थ से लिखकर या चिन्हित करके उसे विरूपित करेगा उस पर जुर्माना एक हजार रूपए का दंडनीय प्रावधान होगा।

## ✻ उठावना ✻



मेरे बड़े भाईसाब, स्व. श्री छोगमलजी काबरा के सुपुत्र, स्व. श्री रामगोपालजी व स्व. बापूलालजी के अनुज, प्रहलाद, जगदीश, दिनेश, ओमप्रकाश व विनोद के काकाजी, कृष्णकुमार, हरीश व सुनील के पूज्य पिताजी, महेश, वैभव, अभिषेक, मयंक, अमृत, अनमोल, यश, मौलिक, आशय, रौनक व अनंत के दादाजी एवं शिवम्, ध्रुव, महर्ष व वियाना के परदादाजी एवं दीपा, आयुष के नानाजी और मीरा व काशवी के परनानाजी श्री रामेश्वरलालजी काबरा का श्रीजी शरण दिनांक 15 नवम्बर 2024, शुक्रवार को हो गया हैं। उठावना दिनांक 17 नवंबर 24, रविवार को दोपहर 2 बजे हमारे निज निवास स्टील नगर, महू-नीमच रोड, मन्दसौर पर रखा गया हैं।

बैठक प्रतिदिन सायंकाल 5 से 7 बजे निज निवास पर रहेगी।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**बंशीलाल काबरा (अनुज), कृष्णकुमार, हरीश व सुनील काबरा (पुत्र) एवं समस्त काबरा परिवार, मन्दसौर**
**अनीता-रंगनाथजी चांडक, अमरावती (बेटी-दामाद), सुनीता-स्व. अविनाशजी हेड़ा ब्यावर (बेटी-दामाद), आँचल-अतुलजी गट्टानी, भीलवाड़ा (पौत्री-दामाद), स्नेहा-गिरिराजजी लखोटिया, रायपुर (नातिन-दामाद), आशी-आयुषजी माहेश्वरी, मन्दसौर (नातिन-दामाद)**

# पेंशनर समाज की बैठक संपन्न

**मनासा, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** आज दिनांक 15 नवंबर 2024 को मध्य प्रदेश पेंशनर समाज तहसील शाखा मनासा की कार्यकारिणी की बैठक शासकीय कन्या उत्कृष्ट विद्यालय परिसर मनासा में तहसील शाखा अध्यक्ष देवीलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

उक्त बैठक मे वरिष्ठ संरक्षक एवं साहित्यकार डॉ पूरन सहगल, महामंत्री राम प्रकाश गहलोत, उपाध्यक्ष बापू लाल रावत, कोषाध्यक्ष कैलाश चंद्र कुमावत, संगठन सचिव नरेंद्र सिंह कामदार ,सहसचिव मनोहर लाल मकवाना ,संयुक्त सचिव रमेश चंद सोनी, प्रचार सचिव जगदीश चंद्र शर्मा ,रमेश चंद्र पुरोहित, घासीराम पाटीदार एवं सदस्य उपस्थित थे। सभी पदाधिकारी ने अपने-अपने विचार प्रकट कर प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी माह दिसंबर 2024 में मध्य प्रदेश पेंशनर समाज तहसील शाखा मनासा का वार्षिक सम्मेलन एव सम्मान समारोह आयोजित करने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया साथ हि मध्य प्रदेश शासन द्वारा पेंशनरों के साथ भेदभाव कर 1 जनवरी 2024 से 4 प्रतिशत महंगाई राहत नहीं देकर 1 अक्टूबर 2024 से दी गई है व 1 जुलाई 2024 से 3% महंगाई राहत के आदेश आज तक जारी नहीं करना एवं मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ राज्य के पुनर्गठन आयोग 2000 की धारा 49 (6) का कोई औचित्य नहीं है बार-बार अनुरोध करने पर भी आज तक नहीं हटाई गई है जिसके कारण पेंशनरों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। इसी वजह से पेंशनर जगत में असंतोष एवं आक्रोश व्याप्त है। अत: शासन से पुन:अनुरोध है कि उपरोक्त सभी उचित मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर पेंशनरो को भी केंद्रीय तिथि से महंगाई राहत प्रदान करे।

# चचेरे भाई ने पीटा, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** खेत की सिंचाई के दौरान भाई को चचेरे भाई ने पीटा, पुलिस ने केस दर्ज किया। सोनी निवासी भंवरसिंह पिता भोपालसिंह राजपूत ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं खेत पर पानी का धोरा बना रहा था। इस दौरान काका के लड़का भारतसिंह पिता मदनसिंह आया गाली-गलौज कर मारपीट की व पावड़े के हत्थे की मारी, जिससे कान, दांत, पैर पर चोंटे आई। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया।

## कुष्ठ रोग निदान के लिए शिविर आज

**मंदसौर, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी सचिव ने बताया कि 17 नवम्बर को भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वाधान में समर्पण फाउंडेशन ट्रस्ट दिल्ली द्वारा स्थानीय कुष्ठ रोग के लिए मंदसौर में एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। शिविर सरस्वती नगर, जिला जेल के पास, महू नीमच मार्ग मंदसौर में प्रात: 9 बजे से शिविर आयोजित होगा। चिकित्सा शिविर में नेत्र विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, एमडी मेडिसीन, पैरामेडिकल स्टॉफ अपनी सेवाएं देंगे। समर्पण फाउंडेशन ट्रस्ट दिल्ली की आठ सदस्यीय टीम भी आएगी।

## बिजली चोरी का केस बनाया... पेज 1 से जारी

पिता औकारसिंह राजपुत ने अपने खेत पर कच्चे कुँए में विद्युत पोल से अवैध कनेक्शन लेकर मोटर चला रहा था तथा नाहरसिंह पिता बहादुर सिंह राजपुत व पप्पुसिंह पिता देविसिंह राजपुत निवासी बोरखेडी इंदौर के मिलकर अपने खेत पर बने कुँए पर विद्युत पोल से अवैध कनेक्शन लेकर मोटर चला रहे थे, इस अपर अवैध विद्युत कनेक्शन लेकर पानी कि मोटर चलाने का केस बनाया था। आज में व मेरा हेल्पर पप्पुलाल धनगर निवासी बोरखेडी इंदौर के साथ विद्युत पोल का सर्वे करने बोरखेडी इंदौर गाँव आये थे, सर्वे करते हम दोनो जैसे ही दीपसिंह के मकान के सामने आमरोड पहुचे तो भँवरसिंह पिता दीपसिंह राजपुत, पप्पुसिंह पिता देविसिंह राजपुत, बबलु पिता पप्पसिहं राजपुत तथा नाहरसिह पिता बहादुर सिह राजपुत निवासीगण बोरखेडी इंदौर ने हमारा रास्ता रोक कर बोले कि तुमने हमारे अंकल का कैस क्यो बनाया है ? इस बात को लेकर गाली-गलौज की व मारपीट की। बीच-बचाव करने आए हेल्पर पप्पूलाल के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने मारपीट के मामले में पप्पूसिंह, भंवरसिंह, बबलू, नाहरसिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया।

## सिलाई प्रशिक्षण 20 से प्रारम्भ होगा

**मंदसौर, 16 नवंबर गुरु एक्सप्रेस।** सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया निर्देशक ने बताया कि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सर्किट हाउस से पहले, नई आबादी थाने के पास, दलोदा रोड मन्दसौर द्वारा 20 नवम्बर 2024 से महिला एवं युवतियां सिलाई का प्रशिक्षण प्रारम्भ होगा।

इस प्रशिक्षण का लाभ गामीण अंचल की युवतियां जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस 30 दिवसीय प्रशिक्षण मे आवास, भोजन व नाश्ते की व्यवस्था नि:शुल्क रहेगी। बैंकिग संबंधी सभी जानकारियां दी जायेगी।प्रशिक्षणार्थी को 4 नये पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, एवं राशन कार्ड की छायाप्रति के साथ आवेदन सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, ग्रमीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, सर्किट हाउस से पहले, नई आबादी थाने के पास, मन्दसौर मे जमा करा सकते है। उक्त प्रशिक्षण का अधिक से अधिक लाभ उठावे। संस्थान मे संपर्क सुबह 10:00 से शाम 5:30 बजे तक मोबाईल न. 7999852839, 8435806297,9111858590, 9589720982, 8619685744 पर भी जानकारी प्राप्त कर सकते है।

**आवश्यकता है**
दैनिक गुरु एक्सप्रेस की प्रिंटिंग यूनिट पर रात्रि के समय 11 से 3 बजे तक काम करने वाले युवक (हेल्पर) की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार (मंदसौर निवासी ही सम्पर्क करें)
संपर्क
संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक
कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस
9425105928. 8319964648

मानसून ऑफर
**श्री कालेश्वर प्रापर्टी ब्रोकर्स**
1 st Floor, 14 Shop (Office)
C/o नगर परिषद, बस स्टेण्ड, मल्हारगढ़
प्लाट, मकान के लिए
**श्री कालेश्वर धाम**
कंथारिया रोड पर सुविधा उपलब्ध है
पहले आओ, पहले पाओ – सीमित ऑफर
शर्ते लागू



श्री कालेश्वर प्रापर्टी ब्रोकर्स
प्रो.–बापूठाकुर–गणपतसिंह राठौर
मो–9329518730

श्री कालेश्वर धाम
संयोजक
प्रकाश जोशी
मो.–8109338635

✻✻✻✻✻✻ मिलने का समय ✻✻✻✻✻✻
शासकीय अवकाश छोड़कर... समय- सुबह 11 बजे से सायं 5 बजे तक

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in